an>

Title: Need to start more air services from Surat airport to different places in the country and also to upgrade this airport as international airport.

श्रीमती दर्शना जरदोश : सभापति जी, मैं सूरत का प्रतिनिधित्व करती हूं और चाहती हूं कि सभी लोग सूरत आने के मेरे निमंत्रण को स्वीकार करें, क्योंकि जो टैक्सटाइल और डायमंड से जुड़े हुए लोग हैं, सभी को उससे प्रेम होगा। सूरत आने के समय आपको पता चल जाता कि कैसे आप वहां आते? यहां लोक सभा में चुनने के बाद, डेढ़ साल से हम अलग-अलग प्रश्नों पर जोर दे रहे हैं, जैसे क्वैश्चयन आवर में, स्टार्ड और अनस्टार्ड क्वैश्चयन में, 377 में प्रश्न करते रहे हैं। मेरा शून्य काल में डेढ़ साल से यही प्रश्न है और पिछले थर्सडे को भी माननीय मंत्री जी के पास मैंने पूरक प्रश्न के तौर पर यह प्रश्न किया था। सूरत महानगर में अब एक डौमैस्टिक का एयरपोर्ट कार्यरत है। आज दिन में केवल एक ही फ्लाइट जो दिल्ली के लिए है। मैं आपका ध्यान सूरत की ओर खींचना चाहूंगी। सूरत पुराण काल से टैक्सटाइल और हीरों के लिए जाना जाता है। यहां 45 लाख लोग रहते हैं और भारत में तैयार होने वाली पांच साड़ियों में से एक साड़ी यहां तैयार होती है। सिंथेटिक एवं मैन मेड फाइबर के क्षेत्र में भी सूरत बहुत बड़ा हब है। यहां करीब 6550 डायमंड यूनिट्स हैं जो करीब सात लाख लोगों को रोजगार मुहैया कराते हैं।

यहां दुनिया का सबसे बड़ा ज्वैलरी पार्क तैयार हो रहा है। दुनिया में पॉलिश होकर बिकने वाले दस में से आठ डायमण्ड सूरत में तैयार होते हैं। यहां के उद्यमियों ने हर क्षेत्र में देश-विदेशों में व्यापारिक संबंध जोड़े हुए हैं। यहां भारत के सभी बड़े उद्योग घरानों द्वारा अपने प्लांट लगाए हुए हैं, जैसे कृभको, एनटीपीसी, गैल इण्डिया, रिलायंस आदि। सभी बड़े उद्योग गृहों द्वारा यह डिमाण्ड की जा रही है कि सूरत वास्तव में भारत के औद्योगिक नक्शे पर आर्थिक शक्ति के रूप में अपना स्थान दर्ज करवा रहा है। यह सब होते हुए भी यहां आने वाले देश-विदेश के उद्योगपतियों को अहमदाबाद या मुंबई से फ्लाइट पकड़नी पड़ती है, जिसके कारण उनके 6-7 घण्टे प्रवास में ही जा रहे हैं। एयर इण्डिया सूरत एंव गुजरात के अन्य शहरों एवं विदेश के अन्य भागों से उड़ान शुरू करता है तो पर्याप्त पैसेंजर मिलने की पूर्ण संभावना है। इस संबंध में सूरत एवं गुजरात के कितने ही पैसेंजरों ने मुम्बई, अहमदाबाद, बड़ौदा से आवाजाही की है एवं सूरत एयरपोर्ट पर एक साल में कितने लोगों ने आवाजाही की है, यह मैं जानने की विनती करती हूं। अगर इस क्षेत्र के अन्य कमर्शियल एयर कम्पनियां भी अपनी सेवाएं शुरू करती हैं, तो वे अच्छी चल सकती हैं, ऐसा मेरा विश्वास है। आप इस संबंध में तुंत कार्यवाही करें, ऐसी मेरी विनती है।